हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 6 सितंबर 2025

11 अंतरराष्ट्रीय रेसलिंग खिलाड़ियों का सम्मान



11 मुंगेशपुर ड्रेन के तटबंधों को किया जा रहा मजबूत











## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। रॉयल ग्रीन काउंटी में लगे कैंप में लोगों की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।

### रॉयल ग्रीन काउंटी में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**बहादुरगढ़।** रॉयल ग्रीन काउंटी में दीवान हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कंपनी के स्टाफ और श्रमिकों समेत करीब 100 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, ईसीजी और शुगर की निशुल्क जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। रॉयल ग्रीन रियलिटी के एमडी यशांक वासन ने लोगों को अपनी दिनचर्या में व्यायाम और शुद्ध भोजन को शामिल करने की सलाह दी।

### चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म पर मिली शराब

**बहादुरगढ़।** रेलवे स्टेशन परिसर में जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित बैंच के नीचे रेलवे पुलिसं को एक कट्टा नजर आया। टीम ने जांच की तो उसमें अवैध शराब की 12 बोतलें बरामद हुई। इस संबंध में पुलिस ने लोगों से पूछताछ की लेकिन यह पता नहीं चल सका कि शराब से भरे कट्टे को कौन छोड़कर गया है। इसके बाद शराब कब्जे में ले ली गई। इस संबंध में जीआरपी थाने में अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

### परीक्षा को लेकर जिले में धारा 163 रहेगी लागू

**झज्जर।** जिले में पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज रोहतक द्वारा आगामी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट फॉर एडमिशन टू यूजी व पीजी कोर्सेज सेशन 2025-26 का आयोजन रविवार को किया जाएगा। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार परीक्षा दिवस पर जिले में स्थित सभी परीक्षा केंद्रों के चारों ओर 200 मीटर क्षेत्र में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का एकत्र होना, हथियार लेकर चलना, तथा फोटोस्टेट की दुकानें चलाना प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक प्रभावी रहेगा।


झज्जर। प्रवासी श्रमिकों व उनके बच्चों के साथ संस्था सदस्य।

### मजदूरों को किया शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरुक

**झज्जर।** इंडेप्थ विजन फाउंडेशन व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया संस्था द्वारा शुक्रवार को स्थानीय गौशाला में रहने वाले प्रवासी मजदूरों के बीच पहुंच कर शिक्षक दिवस मनाया। संस्था सदस्यों ने प्रवासी मजदूरों को शिक्षा का महत्व बताते हुए उनसे आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाकर उनका जीवन संवारे। इसके अलावा संस्था सदस्य पूनम देशवाल ने उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए स्वच्छ पानी पीने, गंदे पानी के जमाव को रोकने तथा पोषणयुक्त भोजन करने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेविका

### शिक्षकों का सम्मान करके मनाया शिक्षक दिवस

**झज्जर।** राय साहब पंडित बसंत लाल एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित हिमालय हाई स्कूल में शुक्रवार को अध्यापक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल संचालक दीपक कश्यप ने शिक्षक दिवस प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिन डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। वे एक अच्छे शिक्षक के साथ-साथ एक अच्छे डॉक्टर भी थे। कार्यक्रम में स्कूल की मुख्याध्यापिका लीला देवी ने शिक्षकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## जीवन की दिशा को प्रशस्त करते हैं शिक्षक : डॉक्टर महिपाल

# जिलेभर में गुरुओं के सम्मान में उत्साह और उमंग के साथ मनाया शिक्षक दिवस

### जीवन में सफलता की सीढ़ी चढ़ने का एकमात्र माध्यम है शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम् विश्वविद्यालय के परिसर में भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद और भारत रत्न से अलंकृत डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉक्टर चंद्र प्रकाश, संस्कारम स्कूल खातीवास के प्रिंसिपल जितेंद्र सांगवान, संस्कारम स्कूल पटौदा की प्राचार्या श्वेता के साथ मिलकर मां सरस्वती और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया। चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान ही प्रदान नहीं करते बल्कि जीवन को दिशा और दशा दोनों ही बदल देते हैं। एक सच्चे गुरु के मार्गदर्शन से ही शिष्य अपने लक्ष्यों तक पहुंच पाता है। शिक्षक राष्ट्र के निर्माता हैं। उनकी भूमिका समाज में सबसे ऊंची है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे सदैव अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी अपने सवालों के जवाब के लिए गूगल की ओर देखती है, किंतु यह नहीं भूलना चाहिए कि गूगल पर उपलब्ध ज्ञान भी किसी न किसी गुरु की ही देन है। इसलिए गुरु सदा पूजनीय और वंदनीय रहेंगे। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉक्टर चंद्र प्रकाश ने कहा कि शिक्षक दिवस एक महान परंपरा का स्मरण है, जिसने भारत को गुरु-भूमि की पहचान दिलाई है। शिक्षक ही वह धुरी हैं जिस पर संपूर्ण शिक्षा-व्यवस्था टिकी हुई है। कार्यक्रम के दौरान पुरानी परंपरा और संस्कृति को जीवंत करते हुए हरियाणवीं रागिनी, पंजाबी गिद्दा और राजस्थानी लोक गीतों पर अध्यापकों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। इनके अलावा उन्होंने गीत व कविता के माध्यम से गुरु की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर वाइस चांसलर डॉक्टर एसके सिंह, डीन एकेडमी प्रोफेसर डॉक्टर दिव्या त्यागी, डीन वेटनरी प्रोफेसर डॉक्टर एसके रस्तोगी, प्रोफेसर डॉक्टर एएस यादव, स्कूल ऑफ लॉ के प्रोफेसर डॉक्टर एसके शर्मा, डीन फार्मेसी डॉक्टर रुपेश कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। कार्यक्रम में हरियाणवीं नृत्य की प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व क्लब के पदाधिकारी।

### शिक्षक दिवस पर काटा केक

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल भदाना में केक काटकर शिक्षक दिवस की खुशियां मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत महान दार्शनिक, शिक्षाविद् और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्पार्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर की गई। स्कूल निदेशक धर्मेंद्र जूंन ने बताया कि यह दिवस डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने शिक्षकों के साथ मिलकर केक काटते हुए कहा कि शिक्षक ही वे दीपक हैं जो समाज और राष्ट्र की दिशा को आलोकित करते हैं। उनके योगदान को शब्दों में बांध पाना संभव नहीं है। क्योंकि शिक्षक ज्ञान देने के साथ-साथ विद्यार्थी में जीवन मूल्यों और संस्कारों का भी संचार करता है। इस दौरान विद्यार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से अपने संदेश भेजकर शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान प्रकट किया। शिक्षकों ने भी अपने अनुभव सांझा कर शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा मार्गदर्शक बताया।


झज्जर। शिक्षकों के साथ केक काटकर शिक्षक दिवस की खुशी मनाते हुए निदेशक धर्मेंद्र जून। *फोटो : हरिभूमि*

### लायंस क्लब ने किया शिक्षकों का सम्मान

**बहादुरगढ़।** लायंस क्लब बहादुरगढ़ टाउन द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर किंगडम ऑफ़ टॉडलर्स प्ले स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्ले स्कूल की शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। यहां क्लब प्रधान हेमंत सलूजा, देवेन शर्मा, अरुण पहुजा, गुलशन शर्मा, स्वर्णजीत बतरा, राजीव गोयल, संजय गुप्ता, मुकेश बंसल आदि रहे।


बहादुरगढ़। डीएवी स्कूल में हुए कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

### डीएवी स्कूल में शिक्षक दिवस हुआ कार्यक्रम

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को डीएवी सेंटेनरी स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य राजदीप कुलश्रेष्ठ ने मुख्य अतिथि आरके सेठी के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित किया। मंच संचालन शालू शर्मा, धारणा, प्रेम और विजय शैलानी ने किया। दीपशिखा, दीपू, अंजू बाला और मीनू शर्मा को उत्कृष्ट अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अतिथियों ने राजदीप कुलश्रेष्ठ के मार्गदर्शन में डीएवी स्कूल की उन्नति को सराहा। समारोह में आर्य समाज समिति के सदस्य ब्रह्मजीत छिकारा, जयपाल दहिया, सतपाल वत्स, हरिओम दलाल, संतलाल मलिक, बिजेंद्र खोखर, अनिल कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। शिक्षक दिवस पर केक काटती प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा व अन्य।

### समाज के सच्चे निर्माता हैं शिक्षक : आशा शर्मा

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। भावी अध्यापिकाओं द्वारा कविता, भाषण, गीत और नृत्य आदि विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में भावी अध्यापिकाओं ने शिक्षकों के प्रति अपने सम्मान और कृतज्ञता को बड़े ही हृदयस्पर्शी अंदाज में व्यक्त किया। प्राचार्या व प्रवक्ताओं ने केक काटा। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज के सच्चे निर्माता होते हैं। वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। शिक्षक सही ज्ञान और दिशा देकर जीवन को सार्थक बनाते हैं। वे नैतिक मूल्यों और अनुशासन का भी पाठ पढ़ाते हैं।

## एक सशक्त समाज का निर्माण करता है शिक्षक : हेमंत गुलिया

### शिक्षकों ने डॉक्टर सर्वपल्ली को दी सच्ची श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने ऑनलाइन कक्षाएं लेकर अध्यापकवृन्द की महिमा का बखान करते हुए अपने मनोभावों को व्यक्त किया। प्रबंधन समिति सदस्यों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे उनके आदर्श गुणों को जीवन में आत्मसात करें। एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने शिक्षक दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को राष्ट्रीय शंक्षिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक ही सशक्त समाज का निर्माण करता है। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने कहा कि हमें आशातीत सफलता पाने के लिए गुरू के आशीर्वाद, प्रेम और अनुशासन को अपनाने में भूल नहीं करनी चाहिए।


झज्जर। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि देते हुए डायरेक्टर रमेश गुलिया।

### लाइनपार व बालोर बाईपास से अवैध हथियार सहित दो काबू

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा ने अवैध हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। इनसे दो पिस्तौल और एक कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी शिवम और अंकित के खिलाफ लाइनपार और सदर थाने में केस दर्ज किए गए हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है।

दरअसल, सीआईए प्रथम को सूचना मिली कि दिल्ली के रोहिणी इलाके का निवासी अंकित अवैध हथियार लेकर बहादुरगढ़ में बालोर बाईपास के नीचे मौजूद है। इस सूचना पर टीम तुरंत वहां गई और आरोपी को काबू किया। उसके पास से एक पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी को काबू कर कानूनी कार्रवाई की।

## शत प्रतिशत परिणाम देने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित

### कार्यक्रम में शामिल हुए 500 शिक्षक और प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जवाहर नेहरू विद्यालय कलोई में शुक्रवार को जिला स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम अंकित कुमार चौकसे द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जबकि जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

समारोह में जिले के सभी खंडों से चयनित उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस वर्ष शत प्रतिशत परिमाण देने वाले स्कूलों के पांच प्राचार्यों व शिक्षकों को जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान दिया गया। एसडीएम ने अपने संबोधन में शिक्षकों की भूमिका को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाते, वे आने वाली पीढ़ियों को संस्कार, मूल्य और दिशा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविताएं, और विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के प्रति आभार प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया गया, जिसने समारोह को भावनात्मक और प्रेरणादायक रूप दिया।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सम्मानित प्राचार्य, मुख्यातिथि एवं अन्य।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित राजकीय गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं।

### गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को दिया सम्मान

बहादुरगढ़। राजकीय महिला महाविद्यालय में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ सुदेश राठी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में अनेक छात्राओं ने नृत्य, गीत, नारा लेखन, कविता पाठ आदि विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं ने शिक्षकों के प्रति सम्मान व आभार व्यक्त किया। कॉलेज प्राध्यापकों ने अपने अनुभव और ज्ञान को छात्राओं के साथ सांझा किया और उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन डॉ. सीमा द्वारा रेखा के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर संगीता गोयल, डॉ मेहर सिंह, डॉ शीतल, डॉ रितु, मीरा व पूनम आदि मौजूद रहे।

## इंडो अमेरिकन स्कूल में शिक्षकों को सम्मानित कर किया पुरस्कृत

### शिक्षक ही राष्ट्र के सच्चे निर्माता: बबीता कादियानं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इंडो अमेरिकन स्कूल में शिक्षक दिवस पर विद्यालय में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल निदेशिका बबीता कादियान ने स्टॉफ सदस्यों के साथ मिलकर मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की।

उन्होंने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके महान विचारों व शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र के सच्चे निर्माता होते हैं, जिनकी शिक्षा और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों का जीवन संवरता है। शिक्षक दिवस हम सभी के लिए आत्मचिंतन और प्रेरणा का अवसर है। इसके बाद स्कूल स्टॉफ सदस्यों ने नृत्य प्रस्तुति देकर दर्शकों को मन मोहा। कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मान स्वरूप उपहार भी भेंट किए गए।


झज्जर। कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ उपस्थित निदेशिका बबीता कादियान।


बहादुरगढ़। मदर इंडिया पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक।

### शिक्षकों ने केक काटकर जताई खुशी

बहादुरगढ़। अशोक नगर स्थित मदर इंडिया पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी शिक्षकों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए शिक्षक दिवस के महत्व को समझाया। स्कूल सचिव राजेश कुमार, स्कूल संचालिका अन्नू और अध्यापिका माधुरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी शिक्षकों ने अपने अपने शिक्षकों को नमन किया और केट काटकर खुशी का इजहार किया। अंत में स्कूल प्रबंधन ने पूरे स्टाफ का सम्मान किया और सभी शिक्षकों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्टाफ ने संकल्प लिया कि वे विद्यार्थियों को अच्छे नागरिक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।


झज्जर। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं के साथ उपस्थित डायरेक्टर ऊषा गहलोत। *फोटो : हरिभूमि*

### हर्षोल्लास से मनाया शिक्षक दिवस

झज्जर( शिक्षक दिवस पर किड्ज शैशव स्कूल, वैदिक गर्ल्स स्कूल और मांटेसरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने मिलकर विभिन्न रोचक गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने अपने आदर्श शिक्षक की जानकारी देते हुए शपथ ली कि वे भी उन्हीं की भांति विद्यार्थियों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़कर उनके मन पर अपनी अमिट छाप छोड़ेंगे। इसके उपरांत शिक्षकों को शिक्षा और ज्ञान कहां से प्राप्त होता है इस विषय पर चर्चा की गई। इस संवाद ने विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य परंपरा और शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में स्कूल डायरेक्टर ऊषा गहलोत ने लीगल लिटरेसी क्षेत्र में सीजेएम से सम्मान पाने वाली शिक्षिका प्रज्ञा बंसल को बधाई देते हुए शिक्षक दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्राचार्या आरती शर्मा, प्राचार्या नीलम मल्हान व कोर्डिनेटर कविता ने भी शिक्षक


झज्जर। झज्जर। शिक्षकों को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### शिक्षकों को किया सम्मानित

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में अध्यापक दिवस पर हुए कार्यक्रम की शुरूआत संस्था संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया व भविष्य दहिया ने की। उन्होंने देश के शिक्षाविद् एवं देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष धूप-दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में अध्यापकों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने इस सत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। डीपीई संजीत सांगवान, प्राइमरी एचओडी पुष्पा यादव, प्राइमरी शिक्षिका आशु को संस्था संस्थापक कुलदीप दहिया के स्मृति सम्मान से नवाजा गया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक केएम डागर, मुकेश शर्मा, प्रियंका यादव, जितेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका : एसडीएम

# आधुनिक प्रणाली अपना कर बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास करना जरूरी : रेणुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

विद्यार्थी के चरित्र निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। इसलिए शिक्षक को आधुनिक प्रणाली अपना कर बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का प्रयास करना चाहिए। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों को भी अपने शिक्षक द्वारा दी जाने वाली शिक्षा को पूरी लग्न व मेहनत के साथ अपने जीवन में अपनाना चाहिए। यह बात एसडीएम रेणुका नांदल ने शुक्रवार को जयराम आश्रम में चंद्रभान मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित शिक्षक दिवस सम्मान समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र का आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास उस देश व प्रदेश की शिक्षां पर निर्भर करता है। कार्यक्रम के दौरान एक सौ से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया।


बेरी। कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

### बेहतर परिणाम लाने पर दहकोरा सम्मनित

**बहादुरगढ़।** बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने पर राजकीय उच्च विद्यालय दहकोरा को जिला स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह में सम्मान मिला। है। विद्यालय के इंचार्ज सुभाष हुड्डा ने यह पुरस्कार पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित समारोह में प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिला उपायुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार की शत प्रतिशत परिणाम लाने कीं इस उपलब्धि की सराहना की और विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

खबर संक्षेप



## सराय औरंगाबाद में नंदी की प्रतिमा स्थापित

बहादुरगढ़। गांव सराय औरंगाबाद में शुक्रवार को एक अनोखी मिसाल देखने को मिली। यहां ग्रामीणों ने गोवंश के प्रति अपनी आस्था और परंपरा को जीवंत करते हुए नंदी महाराज की प्रतिमा स्थापित की। प्रतिमा स्थापना के बाद हुए भंडारे में काफी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत नंदी प्रतिमा की पूरे गांव में परिक्रमा से हुई। इस दौरान महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और भक्ति गीतों से वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। हवन व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जोहड़ वाले मंदिर परिसर में विधि-विधानपूर्वक नंदी की प्रतिमा स्थापित की गई। जयप्रकाश राठी, सोनू राठी व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि करीब 20 वर्षों से गांव में एक नंदी था, जिसका हाल ही में अमावस्या के दिन निधन हो गया। इस घटना से गांववासी भावुक हो उठे और प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया।

## मांडोठी में फार्म से 11 पशु चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव मांडोठी स्थित एक पशु फार्म में चोरी की वारदात हो गई। फार्म मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। विशाल का कहना है कि उसने गांव में सुअर फार्म कर रखा है। अज्ञात चोर फार्म में से 11 पशु चुरा ले गए। जब शुक्रवार की सुबह फार्म पर गए तो वारदात का पता च ला। फार्म के गेट पर लगा ताला टूटा हुआ था। कैमरे की तार भी काटी गई थी। रात दो से सुबह पांच बजे के बीच यह वारदात दो लोगों ने अंजाम दी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** एचएनजी कंपनी के नजदीक ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान योगेंद्र के रूप में हुई है। मूलतः बिहार से था और कुछ समय से यहां लाइनपार में रह रहा था। जानकारी के अनुसार, वह घर से काम के लिए निकला था। रेलवे ट्रैक पार करते वक्त किसी गाड़ी की चपेट में आ गया।

## क्षतिपूर्ति के 3 लाख मिलने पर सीएम का आभार जताया

**बहादुरगढ़।** शहर के नजफगढ़ रोड पर हार्डवेयर की एक दुकान में कई महीने पहले शार्ट-सर्किट से आग लग गई थी। पीड़ित रामपाल पांचाल के गुहार लगाने पर मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार 3 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मिली है। भाजपा नेता जसबीर सैनी के साथ गुरुग्राम पहुंचकर रामपाल ने सीएम नायब सैनी का मुंह मीठा करवाकर आभार जताया।

## सीएम के समक्ष पहुंचा लापता युवती का मामला

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल से लापता युवती का मामला सीएम दरबार में पहुंच गया है। युवती की मां रामा देवी ने बताया कि बेटी रोजाना की तरह कंपनी के लिए निकली थी, लेकिन न तो कंपनी पहुंची और न ही घर लौटी। काफी तलाश के बावजूद सुराग न मिलने पर मामला सेक्टर-6 थाने में दर्ज हुआ, लेकिन उचित कार्रवाई नहीं हो रही। मजबूर होकर उन्होंने अब सीएम नायाब सैनी से मुलाकात कर मदद मांगी।

## शिविर में 139 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**बहादुरगढ़।** वार्ड-14 में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 139 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और मरीजों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। शिविर का आयोजन दीपक दूहन के प्रयासों से हुआ। राणा अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने लोगों की जांच की। डॉक्टरों ने मरीजों को दवाइयों के साथ सही खानपान और जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। कैंप में सुंदर राठी, शमशेर राठी, श्रीभगवान, मनोज राठी, महाबीर, जितेंद्र, ओमप्रकाश, जय सिंह, सुरेश, नीलम ढिल्लो, केला देवी, पूजा, शीला वर्मा, ज्योति, मीना राठी, कृष्णा राठी, सुदर्शन महलावत आदि मौजूद रहे।

### विवेकानंद नगर, छोटूराम नगर और दिल्ली की गीतांजलि कॉलोनी में जलभराव से आफत

# मुंगेशपुर ड्रेन के तटबंधों को किया जा रहा मजबूत, सेना के जवानों ने मोर्चा संभाला



बहादुरगढ़। सेना के अधिकारियों का स्वागत करते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।



बहादुरगढ़। कट्टों में मिट्टी डलवाते पार्षद संदीप दहिया व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के विवेकानंद नगर, छोटूराम नगर और दिल्ली की गीतांजलि कॉलोनी के साथ विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से जूझ रहे नागरिकों को राहत दिलाने के लिए एनडीआरएफ की टीमों के साथ अब सेना की टुकड़ी भी बचाव व राहत कार्य में जुट गई है। उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भी प्रभावित इलाकों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। एसडीएम नसीब कुमार भी विभागीय अधिकारियों के साथ लगातार फील्ड में सक्रिय हैं। बता दें कि मुंगेशपुर ड्रेन शहर में कई जगह से टूटी हुई है। शुक्रवार को हिसार कैंट से सेना की टुकड़ी बहादुरगढ़ पहुंची। उन्होंने झाड़ोदा बॉर्डर के साथ क्षतिग्रस्त ड्रेन पर मोर्चा संभाला। इसके साथ ही एमआईई इलाके तक सेना और एनडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुट गई। विवेकानंद नगर में भी प्रशासन की ओर से बचाव कार्य तेज करने से स्थानीय निवासियों को आंशिक राहत मिली है। उम्मीद है कि शनिवार को छोटूराम नगर में भी राहत व बचाव कार्य को रफ्तार मिलेगी। डीसी ने शुक्रवार शाम बहादुरगढ़ के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मुंगेशपुर ड्रेन के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कर दी गई है। तटबंधों को मजबूत करने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। सिंचाई विभाग, एनडीआरएफ और सेना की टीम मिलकर ड्रेन के तटबंधों को मजबूत करते हुए पानी की निकासी सुनिश्चित करने में जुटी हैं।डीसी ने दावा किया कि जलभराव की समस्या का समाधान प्राथमिकता पर किया जा रहा है।

### सेना के आने से मरम्मत कार्यों में तेजी आएगी

विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच तालमेल बढ़ाते हुए प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों को राहत पहुंचाई जा रही है। सेना द्वारा मोर्चा संभालने के बाद अब राहत और मरम्मत कार्यों में तेजी आएगी। सेना की तकनीकी क्षमता और संसाधन जुड़ने से ड्रेन को दुरुस्त करने तथा पानी निकासी की प्रक्रिया और सुगम होगी। प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और जलभराव से शीघ्र राहत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न निकलें और बच्चों व बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर रखें।

### जलभराव से घरों में कैद हैं वार्ड नंबर-10 के निवासी

बहादुरगढ़। मुंगेशपुर ड्रेन करीब 30 फुट लंबाई तक टूट जाने से वार्ड नंबर-10 के छोटूराम नगर में हालात भयावह हो गए हैं। ड्रेन का पानी तेजी से रिहायशी इलाके में घुसने लगा है, जिससे कॉलोनी की गलियां तालाब का रूप धारण कर चुकी हैं। वार्ड में कई स्थानों पर 4 से 5 फुट तक पानी भर गया है, जिस कारण लोग घरों के अंदर कैद होकर रह गए हैं। बच्चों और बुजुर्गों की स्थिति सबसे अधिक दयनीय हो गई है। पार्षद प्रतिनिधि हरिमोहन धाकरे ने बताया कि हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। जल्द ही ड्रेन की मरम्मत और पानी की निकासी का प्रबंध नहीं किया गया तो हालात और गंभीर हो जाएंगे। उन्होंने जिला प्रशासन और नगर परिषद से तुरंत राहत कार्य शुरू करने, पानी की निकासी के लिए पंप लगाए जाने और टूटे हुए ड्रेन की आपातकालीन मरम्मत कराने की मांग की। स्थानीय लोग प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं कि उन्हें सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए और तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

### बचाव व राहत कार्यों में तेजी लाए सरकार: जयकरण मांडोठी

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडोठी ने कहा कि हरियाणा के सैकड़ों गांव लगातार हो रही बारिश में जमा हुए पानी से घिर चुके हैं। चारों तरफ तबाही का मंजर है। खेत जलमग्न हैं और घर ढह गये। हर रोज स्थिति विकट होती जा रही है। लेकिन स्थिति को देखते हुए फिलहाल सरकार के प्रबंध अपर्याप्त हैं। उन्होंने कहा कि संगठन हरियाणा सरकार से बचाव व राहत कार्यों में तेजी लाने की मांग करता है।



## देवनगर में घरों में घुसा पानी सामान बर्बाद, मकानों में दरारें

झज्जर। बरसात के कारण हुए जलभराव ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। शहर के देवनगर की स्थिति यह है कि बरसाती पानी लोगों के घरों में घुस गया है। जिसके कारण जहां घरों में रखा सामान खराब हो गया है, वहीं दीवारों और फर्शों में आई बड़ी बड़ी दरारों के कारण दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है। शुक्रवार को जलनिकासी का कार्य रूकवा दिए जाने पर लोगों में आक्रोष बन गया और लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों का कहना है कि प्रशासनिक स्तर पर जलनिकासी की व्यवस्था की गई थी। लेकिन शुक्रवार को नप बहादुरगढ़ में कार्यरत किसी अधिकारी ने जलनिकासी का कार्य रूकवा दिया। जिसके कारण उन्हें सड़कों पर आना पड़ा। बाद में मामले की सूचना डीएमसी और डीसी को दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए नप टीम मौके पर पहुंची और दोबारा से जल निकासी की व्यवस्था करवाई गई। लोगों ने पानी निकासी कार्य रूकवाने वाले अधिकारी की लिखित भी शिकायत भी दी है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द निकासी नहीं की गई तो मकान गिरने की कगार पर आ जाएंगे।



झज्जर। मकान में हुए जलभराव के बीच सामान निकालती महिला।

### पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री जुटाई



बहादुरगढ़। पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों तक राहत सामग्री भिजवाने के लिए गांव आसौदा में ग्रामीणों ने ट्रैक्टर ट्रॉली आदि में खाद्य सामग्री इकट्ठा की। पीड़ितों की सहायता के लिए दवाई भी एकत्र की गई। सतीश पहलवान, जोगेंद्र, राहुल, दिनेश सैनी, प्रिंस, संटी दलाल, साहिल मोनू, विनय, साहिल दलाल, अनुभव दलाल, विवेक दलाल, प्रमोद, सत्य, अंग्रेज, नीतीश, मुस्कान आर्या, अनिल प्रधान, दिनेश सेठ, दलबीर टैना, कर्मवीर पहलवान, रूसी पहलवान, परम पहलवान, अमित, डॉ दलवीर, सोमबीर भजनी और प्रवीण आदि ने सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए खाद्य सामग्री इकट्ठा की।

### सुरेहती की फिरनी पर बनी कालोनी में जलभराव



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सुरेहती की फिरनी स्थित कॉलोनी में जलभराव के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले करीब चार दिनों से लगातार हो रही बरसात के चलते गलियों में एक से डेढ़ फुट तक पानी भर गया है। ग्रामीणों का कहना है कि हालात इतने खराब हैं कि बरसाती पानी उनके घरों की दहलीज तक पहुंच चुका है। ग्रामीण राकेश, विजय, श्रीभगवान, गीता, धर्मेंद्र, ईश्वर आदि ने बताया कि पानी निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण उन्हें जलभराव के बीच ही अपने दैनिक कार्य निपटाने पड़ रहे हैं।

### जलभराव वाले क्षेत्र में किया डेंगू रोधी दवा का छिड़काव



*बहादुरगढ़। बरसात के चलते इलाके में जगह-जगह जलभराव की स्थिति है। पार्कों, गलियों व खाली प्लॉटों में पानी जमा होने से मच्छर व जलजनित बीमारियां होने की खतरा है। इसे ध्यान में रखते हुए सांखोल की संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति ने मुहिम चलाई है। समिति से जुड़े सुरेंद्र डाबला गांव व सेक्टर-6 में जलभराव वाले क्षेत्र में दवा का छिड़काव कर रहे हैं। डाबला का कहना है कि लगातार हो रही बरसात के कारण जगह जगह जलभराव है। कई जगहों पर पानी की निकासी नहीं हुई है। पानी ठहरा हुआ है और ऐसे में डेंगू व अन्य बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ सकती है। इसे देखते हुए सतर्क रहने की जरूरत है। इसलिए डेंगू रोधी दवा छिड़की जा रही है। आम नागरिक भी अपने जागरूकता दिखाए। अपने आसपास मौजूद जलभराव वाले क्षेत्र में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव कर रहे है।*

## लघु सचिवालय में खुला उपडाकघर लोगों की पुरानी मांग हुई पूरी

**बहादुरगढ़।** उपमंडल लघु सचिवालय स्थित अंत्योदय सरल केंद्र में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया ने उप डाकघर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मौजूद बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने यह पुरानी मांग पूरी होने पर आभार जताया। एसडीएम नसीब कुमार भी मौजूद रहे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया ने कहा कि लघु सचिवालय में उप डाकघर की शाखा खुलने से सचिवालय व अदालत परिसर में आने वाले नागरिकों व वकीलों को बैंकिंग सुविधाओं व अन्य लाभकारी सेवाओं का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। इससे नागरिकों के समय की बचत होगी।



### सुबह 9 से सायं 5 बजे तक खुलेगा

अधीक्षक डाकघर दिनेश कुमार ने विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। वीरवार से चालू हो गए उप डाकघर में सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे डाक सेवा उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर जेएमआईसी सुमन, जेएमआईसी आशिमा गर्ग, जेएमआईसी मनीषा, बार एसो. के प्रधान रवीन छिल्लर, महासचिव कपिल भारद्वाज, पूर्व प्रधान सतीश छिकारा, तहसीलदार सुदेश मेहरा, नायब तहसीलदार अनिल कुमार, सहायक अधीक्षक ओमप्रकाश, जितेंद्र राजन, मोहित बंसल सहित अन्य मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय रेसलिंग खिलाड़ियों का सम्मान



### डीसी बोले- खिलाड़ी जिले की शान

**झज्जर।** जिले के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे रेसलिंग खिलाड़ियों ने शुक्रवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल से शिष्टाचार भेंट की। डीसी ने वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप अंडर-17 में 110 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने वाले बामड़ोली निवासी हरदीप छिल्लर को बधाई दी। उन्होंने अर्जुन रुहाल और दीक्षा दलाल की उपलब्धियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी न केवल जिले की शान हैं बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी हैं। खिलाड़ियों के साथ पहुंचे कोच एवं अर्जुन अवार्डी धर्मेंद्र दलाल ने बताया कि जिले के पहलवान लगातार अपनी प्रतिभा के दम पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

### छारा कॉलेज में व्याख्यान देने के साथ की जांच

**बहादुरगढ़।** नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ के सहयोग से गांव छारा के राजकीय महाविद्यालय में युवा रेडक्रॉस इकाई द्वारा एचआईवी संबंधी विस्तार व्याख्यान व जांच शिविर का आयोजन किया गया। ममता और निशा ने कॉलेज के विद्यार्थियों व कर्मचारियों की एचआईवी जांच की। प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल ने नशे से दूर रहने का आह्वान किया। युवा रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. स्वेता व गीतांजलि ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर मंजू मलिक, ज्योति, डॉ. अश्वनी तथा बीना भी उपस्थित रहीं।

### प्राकृतिक आहार प्रणाली अपनाने का आह्वान

**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर–2 सेवाकेंद्र पर न्यू डाइट सिस्टम को लेकर चार दिवसीय विशेष कैंप चल रहा है। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में सिरसा से पधारे बीके विशाल भाई ने प्राकृतिक आहार प्रणाली एवं सात्विक जीवन शैली को अपनाने के चमत्कारिक लाभों पर प्रकाश डाला। मिशन हॉस्पिटल के निर्देशक डॉ. अजय जैन तथा आरोग्यकुंज के निदेशक डॉ. अजीत ने भी आहार-विहार की शुद्धता, समयबद्ध खानपान व मात्रा नियंत्रण पर जोर दिया। सेवाकेंद्र संचालिका बीके विनीता दीदी ने कहा कि न्यू डाइट सिस्टम केवल आहार पद्धति नहीं बल्कि एक सम्पूर्ण जीवनशैली है। बीके अंजलि दीदी ने इस नई जीवन पद्धति को अपनाने और नियमित रूप से अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति से बनी प्राकृतिक वस्तुओं का जितना अधिक सेवन करेंगे, हमारा शरीर भी उतना ही स्वच्छ, शुद्ध और निरोगी बनता जाएगा।

### डीसी ने डेंगू-मलेरिया रोकथाम के लिए दिए निर्देश

झज्जर। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि बारिश के बाद मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे पूरी गंभीरता और समन्वय से कार्य करते हुए वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण सुनिश्चित करें।

### केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने चैंपियनशिप का शुभंकर और लोगो लॉन्च किया

## पहली बार भारत में होगी 11वीं एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भारत सरकार के खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को दिल्ली में 11वीं एशियन एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का शुभंकर और लोगो लॉन्च किया। बहादुरगढ़ से भारतीय तैराकी महासंघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री भी इस मौके पर मौजूद रहे। अनिल खत्री ने बताया कि पहली बार भारत में एशियन एक्वेटिक्स चैम्पियनशिप हो रही है। एशियन एक्वेटिक्स चैंपियनशिप का 11वां संस्करण 28 सितंबर से 11 अक्टूबर तक गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा।




बहादुरगढ़। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया के साथ अनिल खत्री व अन्य पदाधिकारी।

**30 से अधिक प्रतिभागी देश भाग लेंगे :** वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 30 से अधिक प्रतिभागी देश भाग लेंगे। यह चैंपियनशिप 2026 एशियाई खेलों के लिए एक मान्यता प्राप्त क्वालीफाइंग इवेंट के रूप में भी महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता में तैराकी, गोताखोरी, कलात्मक तैराकी और वाटर पोलो शामिल हैं।

## व्यापारियों को राहत देंगे जीएसटी संशोधन : जैन

**बहादुरगढ़।** वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन के अनुसार मोदी सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में किए गए हालिया संशोधन से देश के करोड़ों व्यापारियों, उद्योगपतियों और उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार छोटे व्यापारियों, स्टार्टअप्स और मध्यम वर्ग के लिए कर संरचना को सरल और पारदर्शी बना रही है। डॉ पंकज जैन ने बताया कि जीएसटी परिषद द्वारा टैक्स स्लैब में बदलाव की तारीख के ऐलान से व्यापार जगत में असमंजस की स्थिति खत्म हो गई। इससे व्यापारी वर्ग को राहत मिलेगी और आम जनता को भी कई वस्तुओं और सेवाओं पर कम दाम का सीधा लाभ मिलेगा। जीएसटी में बार-बार किए जा रहे सुधार मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि कर सुधारों से कारोबार करना आसान हो रहा है और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। जैन के अनुसार आने वाले समय में जीएसटी से जुड़े और भी सुधार होंगे। जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।



### श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया उत्तम आकिंचन धर्म

**बहादुरगढ़।** दसलक्षण महापर्व के अंतर्गत शुक्रवार को उत्तम आकिंचन धर्म बड़े श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर जैन मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन हुआ तथा श्रावक-श्राविकाओं ने धर्मसभा में भाग लेकर आकिंचन धर्म के महत्व को समझा। प्रधान सुनील जैन ने बताया कि सकल दिगम्बर जैन समाज बहादुरगढ़ की ओर से रविवार 7 सितंबर को वार्षिक रथयात्रा महोत्सव एवं क्षमावाणी महापर्व पूरे श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान जटवाड़ा मौहल्ला स्थित श्री पदम प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर से वार्षिक रथयात्रा निकाली जाएगी।

**NOTICE**

I, Pooja Gupta W/o Sh. Sunil Kumar Gupta R/o H.no. 262/8, Near MC Park, Aggarwal Colony, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar Haryana declare that I have changed my name from Pooja to Pooja Gupta. Pooja and Pooja Gupta are the names of the same person i.e. myself. Henceforth, I shall be known as Pooja Gupta for all purposes.


ON ALL MRP
6% OFF
Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
UPTO
80% OFF
2 BOTTELS
ON SHOPPING OF
₹3500 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
SUPER DEAL
OF THE WEEK
1 BOTTEL
ON SHOPPING OF
₹1999 & ABOVE
FREE
1 LTR
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
06 SEPT. TO 12 SEPT.
ROHTAK
JHAJJAR
DIGHAL
SAMPLA
GOHANA
REAL COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
PATANJALI ROOHAFZA FREE BUY 1 GET 1
Amul Vadilal UPTO 50%OFF ON MRP
FREE CONTINENTAL COFFEE BUY 1 GET 1
NOVA FLAVOURED MILK AND MASALA CHACH FREE BUY 1 GET 1
REAL JUICE 1 LTR UPTO 25% OFF
Special OFFER
AMUL BUTTER 500GM ₹310 ₹285
SURF EXCEL EASY WASH 7 KG ₹1030 ₹599
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA ₹69
HAMDARD ROOHAFZA MRP ₹180 @ JUST 155
RED BULL MRP ₹125 @ JUST 90
TAJ MEHAL TEA ₹710 1KG JUST @ 549
TATA TEA PREMIUM 1 KG 1KG JUST @ 365
RAJDHANI BESAN 1KG JUST @ 99
DAAWAT ROZAN GOLD 5KG ₹600 JUST @ 399
PRABHAS GHEE 1 LTR FREE! BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA 500 GM BUY 1 GET 1 FREE
BAIL KOLHU 1LTR MRP ₹189 OUR PRICE ₹169
24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR BUY 1 GET 1 FREE
FORTUNE SOYA OIL 870ML OUR PRICE ₹139
AMUL PURE GHEE 1 LTR MRP ₹650 OUR PRICE ₹579
LOOSE SUGAR 5 KG OUR PRICE ₹230
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
CHANA DAAL 1KG OUR PRICE ₹82
MOONG DHULI 1KG OUR PRICE ₹115
KALA CHANA 1KG OUR PRICE ₹78
MALKA LAL DAAL 1KG OUR PRICE ₹85
BADAM 1KG OUR PRICE ₹790
KISMISH 1KG OUR PRICE ₹539
PATANJALI SALT BUY 1 GET 1 FREE
UNIFIT DATES BUY 1 GET 1 FREE
ARSHIRVAAD ATTA 10KG ₹495 OUR PRICE ₹435
24 MANTRA ATTA 5 KG BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA VERMICELLI BUY 1 GET 1 FREE
INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG ₹550 OUR PRICE ₹428
HALDIRAM'S ALL RANGE 12.5% OFF ON MRP
ORION Choco Pie BUY 1 GET 1 FREE
LAKMÉ 15% OFF ON MRP
mamaearth UPTO 30% OFF ON MRP
LOTUS 15% OFF ON MRP
4KG Ariel Complete Detergent BUY1 GET 1 FREE
6KG SURF EXCEL MATIC POWDER TOP LOAD 6KG ₹1199
6KG SURF EXCEL MATIC POWDER FRONT LOAD 6KG ₹1249
K'TRIQ FLOOR CLEANER 50% OFF
9 kg TIDE 9KG LAVENDER ₹749
5 LTR TRISHUL PHENYLE 50% OFF
SOFTSENS BABY PRODUCTS UPTO 50% OFF
Whisper ultra pads 50 xl BUY2 GET 1 FREE
ARIEL MATIC TOP & FRONT LOAD 5LTR OUR PRICE ₹650
500 ml PEARS SHOWER GEL BUY1 GET 1 FREE
BUY 1 GET 2 FREE WIPRO SAFE WASH 1LTR
MRP ₹240 VIM FLOOR CLEANER OUR PRICE ₹179
BUY 1 GET 1 PRIL 1.5 LTR FREE
SANI FRESH BUY1 GET 1 FREE
Rohtak
Address: Near D2M Hotel, New Bus stand road, Rohtak, Haryana.
Contact: +91-81999 99480
Sampla
Address: Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Dighal
Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Payment Accepted
OPEN 7 DAYS A WEEK | 8AM TO 10PM . PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
On shopping of ₹2999, customer can avail Sugar Free at ₹1 or Fresca for free.Only one offer can be claimed per bill.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME
*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart